### खबर संक्षेप

## इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर, 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शील्ड (सस्टेनेबल हाउसिंग इंटीग्रेटिंग एफिशियंटलिविंग एंड डिजास्टर रेजिलिएंस) के तहत जिले के बी.आर्क, एम आर्क, बी.ई, बी.टेक और बी.ई. सिविल उपाधि धारी छात्रों से भू-क्लाइमेटिक जोन का दौरा करने और विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद आवास टोपोलॉजी अध्ययन करने एवं दस्तावेजीकरण करने हेतु ग्रीष्मकालीन समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इंटर्नशिप के दौरान चयनितों को प्रतिमाह बीस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए योग्यता अनुसार छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन भरने की अंतिम तारीख 20 मई है। आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी जिला पंचायत कार्यालय कटनी और सभी जनपद पंचायत कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती है। ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप उन छात्रों के लिए डिजाइन की गई है जो वर्तमान में बी.आर्क और एम.आर्क और बी.ई,बी.टेक सिविल इंजीनियर के कार्यक्रमों में नामांकित है। छात्रों को विशिष्ट भू-जलवायु क्षेत्रों का दौरान करना और विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद आवास प्रकारों का दस्तावेजीकरण करना आवश्यक है।

## तालाबों को प्रदूषण मुक्त रखने चलाई जा रही योजना

**कटनी।** शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली झीलों एवं तालाबों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा संरक्षण एवं संवर्धन योजना चलाई जा रही है। योजना में अब तक 41 नगरीय निकायों में 48 तालाबों की योजनाओं के लिये 74 करोड़ रूपये की राशि अनुदान के रूप में जारी की जा चुकी है। योजना में नगरीय क्षेत्रों में झीलों एवं तालाबों की सीमा में होने वाले कटाव को रोकने संबंधी कार्य, झीलों एवं तालाबों के आस-पास बाउंड्रीवॉल बनाने, सघन पौधरोपण, लैम्प और फव्वारों की स्थापना के लिये नगरीय निकायों को राज्य शासन की ओर से अनुदान राशि दी जा रही है। नगरीय निकाय इस अनुदान राशि का उपयोग अपशिष्ट जल को रोकने, ट्रीटमेंट व्यवस्था, झील एवं तालाबों के किनारे सीवर पाईप व्यवस्था के लिये भी उपयोग कर रहे हैं। योजना में नगरीय निकायों को दी जाने वाली अनुदान राशि का प्रतिशत भी निर्धारित किया गया है। नगर निगम को कुल लागत राशि का 60 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद को 75 प्रतिशत और नगर परिषद को 90 प्रतिशत राज्य शासन की ओर से अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है।

## नेगाई बस्ती से महाविद्यालय तक मार्ग बनाने की मांग



**सिलौंडी।** नेगाई बस्ती से महाविद्यालय तक मार्ग खस्ताहाल होने के हीं होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल लगने के दौरान विद्यार्थी भी परेशान होते हैं। ग्राम के अनुराग राय, योगेश राय ,कंजू शर्मा ने बताया नेगाई बस्ती से महाविद्यालय की दूरी लगभग 500 मीटर है। मार्ग का निर्माण नही होने से बारिश के दिनों में यहां कीचड़ मच जाता है जिससे छात्र छात्राओं को महाविद्यालय आने व जाने में दिक्कत होती है। इसी मार्ग में खरीदी केंद्र गेहूं होने के कारण किसानों को भी बहुत दिक्कत हो रही है। स्थानीय रहवासियों ने जल्द से जल्द मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

### आरोपितों को मुंबई से लाया गया कटनी, 20 लाख के लेन देन की मिली जानकारी

# मुंबई में बैठकर कर रहे थे ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का संचालन, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कोतवाली पुलिस ने क्रिकेट सट्टे के नेटवर्क से जुड़े पांच सदस्यों को मुंबई से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए सटोरियों के पास से पुलिस ने अन्य उपकरण के अलावा लाखों का हिसाब किताब भी बरामद किया है। एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, एएसपी डा. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अजय बहादुर सिंह, चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड उनि योगेश मिश्रा व उनकी टीम के द्वारा ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई है।

जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कैलवारा फाटक के पास अपने मोबाईल में क्रिकेट का ऑनलाईन सट्टा खेल रहा है। सूचना पर मौके पर पुलिस टीम को भेजकर मुखबिर के बताए स्थान पर बताए हुलिए के एक व्यक्ति को पकड़ा गया। आरोपित भरत मूलचंदानी पिता अशोक कुमार मूलचंदानी 36 वर्ष निवासी शांति नगर माधवनगर होना बताया। संदेही के मोबाईल फोन को चैक करने पर मोबाईल में HUNTEREXEH नाम की ऑनलाईन आईडी पर श्रीलंका व इंडिया वुमेन टीम के क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टा खेलना पाया गया। भरत मूलचंदानी से पूछताछ करने पर बताया कि उसके द्वारा ऑनलाईन आईडी भगवान दास उर्फ हरीश पृथ्यानी से ली गई है। आरोपी के खिलाफ धारा 4क सट्टा एक्ट 49 बीएनएस का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना एवं तकनीकी विश्लेषण के दौरान आरोपी भगवान दास उर्फ हरीश पृथ्यानी के मुंबई में होने की जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम का गठन कर तत्काल टीम को मुंबई भेजा गया। टीम द्वारा आरोपी की तलाश थाणे मुंबई के थाना राबोड़ी अंतर्गत की गई। जहां एक पॉश ईलाके में किराए पर फ्लैट लेकर 5 व्यक्ति ऑन लाईन क्रिकेट सट्टे का संचालन करते हुए पाए गए। जिनके फ्लैट से ऑन लाईन सट्टा खिलाने में उपयोग किए जा रहे 1 लैपटॉप, 1 टैब, 5 मोबाइल फोन, अलग-अलग बैंकों की 7 पासबुक, 3 एटीएम कार्ड एवं 2 रजिस्टर जिनमें अकाउण्ट नंबर व लेन-देन संबंधी जानकारी (करीब 20 लाख रू) की मिली है। मुबंई से पकड़े गए पाचों आरोपियों को पूछताछ हेतु कटनी लाया गया है। जिनसे ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा के संबंध में पूछताछ जारी है।

### इनको किया गया गिरफ्तार

कार्रवाई के दौरान भरत मूलचंदानी पिता अशोक कुमार मूलचंदानी 36 वर्ष नि. शांति नगर माधवनगर कटनी, भगवान दास उर्फ हरीश पिता सुंदर लाल पृथ्यानी 38 वर्ष नि. किरण टॉकीज के पीछे थाना कोतवाली जिला शहडोल (म.प्र.), लक्की वाधवानी पिता शंकर लाल वाधवानी 37 वर्ष नि. सिंधी कॉलोनी नरसिंहपुर, मनीष साहू पिता विजय साहू 39 वर्ष नि. पुरानी बस्ती कोतवाली जिला कटनी एवं प्रियांशु पिता अनुराग जायसवाल 29 वर्ष नि. गौतम मोहल्ला कोतवाली कटनी और रवि वाधवानी पिता घनश्याम दास मेघवानी 30 वर्ष नि. बदनपुर थाना गढ़ा जिला जबलपुर को गिरफ्तार किया गया।



# धूप तो कभी बादल, उमस भरी गर्मी कर रही बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बीते कुछ दिनों से मौसम में उतार चढ़ाव चल रहा है। कभी तेज धूप रहती है तो कहीं बादल छा जाते हैं। धूप एवं बादलों की वजह से उमस भरी गर्मी से जनमानस परेशान है। भीषण उमस भरी गर्मी की वजह से दिन के समय कूलर व पंखे भी बेअसर साबित हो रहे हैं। बार बार मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से लोग बीमार भी हो रहे हैं। उल्टी, दस्त, डायरिया एवं टाइफाइड जैसी बीमारियों की चपेट में बच्चे से लेकर युवा तक शामिल हैं।

जिले में पड़ रही भीषण गर्मी न सिर्फ चैन सुकून छीन रही है बल्कि बीमार भी बना रही है। धूप निकलने पर दोपहर में सड़कों पर पैदल चलना पहाड़ पर चढने के बराबर प्रतीत होता है। तीन चार दिनों से मौसम का मिजाज बदल गया है। कहीं कहीं बूंदाबादी भी हो जाती है जो उमस को और बढ़ा देती है जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया हैं। गर्मी के मौसम में बिजली कटौती की समस्या और सिरदर्द बढ़ा देती है। शहरी की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में बिजली कटौती की समस्या से लोग ज्यादा परेशान हैं। भीषण गर्मी को लेकर शीतल पेयों की मांग भी बढ़ गई। मुख्य मार्गों के किनारे गन्ने के रस के ठेले सज गए हैं। सड़क किनारे लगे ईख के दुकान में रस पीने के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है। उमस भरी गर्मी से बचने राह चलते लोग नींबूपानी, गन्ने का रसा, फलों का जूस एवं छाछ मठाका का सेवन कर रहे हैं। इसके अलावा ठंडे पेय पदार्थ की बिक्री भी इन दिनों काफी बढ़ गयी है।

### भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

# शहर में निकली तिरंगा यात्रा, भारत माता की जयघोष से गुंजायमान हुआ पूरा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सर्वसमाज के लोगों के द्वारा आज भारतीय सेना के सम्मान में कटनी शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का आगाज स्टेशन चौराहे से हुआ। यात्रा प्रारंभ स्थल तिरंगा मय हो गया। भारत माता की जय के उद्घोष से शहर की सड़कें गुंजायमान थीं। सबसे आगे भारत माता तथा महिला सिपाहियों की झांकी इस यात्रा का नेतृत्व कर रही थी। उनके साथ पूर्व सैनिकों का दल था। इसके पीछे विशाल तिरंगा झंडा था जिसे शहर के गणमान्यजन स्कूल कॉलेज के विधार्थियों तथा महिलाएं लेकर चल रहे थे।

विशाल राष्ट्रध्वज के साथ बड़ी संख्या में शहर के बुद्धजीवी तथा शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संस्था व्यपारी निजी संस्थानों के लोग तथा राजनीतिक दलों के पदाधिकारी साथ चल रहे थे। सभी के हाथ मे भारत की शान तिरंगा ध्वज था। तिरंगा यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे तथा भूतपूर्व सैनिक भी शामिल हुए। राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिक अभियान के तत्वाधान में यात्रा मुख्य स्टेशन चौराहे से सुभाष चौक कपड़ा बाजार, सराफा बाजार होते हुए घंटाघर में भारत माता की महा आरती के बाद समाप्त हुई। यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय, महापौर प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, अलका जैन, शशांक श्रीवास्तव, सुनील उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में शहर के नागरिक शामिल थे।

## स्कूली बसों में सुरक्षात्मक उपकरणों की हुई जांच



यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि 12 मई को भोपाल में स्कूल बस द्वारा अनियंत्रित होकर रेड सिग्नल पर खड़े वाहन चालकों को टक्कर मारने की दुखद घटना सामने आई थी। उक्त सड़क दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए ऐसी घटनाओं के पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा यात्री बसों एवं स्कूली बसों की चेकिंग हेतु 13 मई से 31 मई तक विशेष अभियान संचालित कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश के परिपालन एवं पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज यातायात प्रभारी राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा कुठला अंतर्गत स्थित जेपीव्हीडीएव्ही एवं डीपीएस स्कूल की 42 स्कूली बसों की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग में स्कूली बसों में आवश्यक सुरक्षात्मक उपकरण चैक किए गए। कुछ बसों में आपातकालीन खिड़की के पास कुर्सियां लगी पाई गई, जिसे मौके में निकलवाया गया एवं समझाइश दी गई की भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न की जाए।

# बारिश में करंट से बचने एडवायजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मानसूनी मौसम के दौरान हवा में नमी के कारण करंट लगने की आशंका ज्यादा रहती है। करंट से लोगों की मौत हो जाती है। लेकिन ज्यादातर मौतों को टाला जा सकता है। ज्यादातर मौतें घरों में अर्थिंग नहीं होने या कमजोर अर्थिंग की वजह से होती है। अर्थिंग या तो स्थानीय स्रोत से प्राप्त की जा सकती है या घर पर ही गहरा गढ़डा खोदकर खुद बनाई जा सकती है।

बारिश में बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए विद्युत विभाग द्वारा एडवायजरी जारी की गयी है।

जारी एडवायजरी में घर में अर्थिंग की उचित व्यवस्था रखें। हरे रंग के तार को हमेशा याद रखें, इसके बिना कभी बिजली उपकरण का प्रयोग न करें, खास कर जब यह पानी के स्रोत को छू रहा हो। पानी करंट के प्रवाह की गति को बढ़ा देता है, इसलिए नमी वाले माहौल में अतिरिक्त सावधानी रखें। दो पिन वाले बिना अर्थिंग के उपकरणों का प्रयोग न करें। तीन पिन वाले प्लग का प्रयोग करते समय ध्यान रखें कि तीनों तार जुड़े हों और पिनें खराब न हों। तारों को सॉकेट में लगाने के लिए माचिस की तीलियों का प्रयोग न करें। किसी भी तार को तब तक न छुएं, जब तक बिजली बंद न कर दी गई हो। अर्थिंग के तार को न्यूट्रल के विकल्प के तौर पर प्रयोग न करें।

सभी जोड़ों पर बिजली वाली टेप लगाएं, न कि सेलोटेप या बेंडेड। गीज़र के पानी का प्रयोग करने से पहले गीज़र बंद कर दें। हीटर प्लेट का प्रयोग नंगी तार के साथ न करें। घर पर सूखी रबड़ की चप्पलें पहनें। घर पर मिनी सर्किट ब्रेकर और अर्थ लीक सर्किट ब्रेकर का प्रयोग करें। मेटलिक बिजली उपकरण पानी के नल के पास न रखें। रबड़ के मैट और रबड़ की टांगों वाले कूलर स्टैंड बिजली उपकरणें को सुरक्षित बना सकते हैं। केवल सुरक्षित तारें और फ्यूज का ही प्रयोग करें।

अर्थिंग की जांच हर छह महीने में करते रहें। किसी भी आम टैस्टर से करंट के लीक होने का पता लगाया जा सकता है। फ्रिज के हैंडल पर कपड़ा बांध कर रखें। प्रत्येक बिजली उपकरण के साथ बताए गए निर्देश पढ़ें।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में उठाया गया था मामला

# दवा दुकान में हो रहा था मरीजों का इलाज सीएमएचओ एवं बीएमओ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में झोला छाप डाक्टरों के विरूद्ध दस्तावेज पूर्ण नहीं होने पर तत्काल क्लीनिक को सील करने की कार्यवाही करने को कहा गया। कन्हवारा में प्रवीण मित्रा द्वारा भी क्लीनिक संचालित कर मरीजों का की इलाज बात संज्ञान में आई।

### निरीक्षण में मिली कमियां

सीएमएचओ डा० अठ्या बीएमओ डा० राज सिहं एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम कन्हवारा तहसील कटनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा के सामने योगेश शुक्ला के क्लीनिक एवं मित्रा फार्मेसी कन्हवारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय योगेश शुक्ला एवं मित्रा फार्मेसी दुकान संचालक माधव मित्रा मिले इनकी उपस्थिति में क्लीनिक का निरीक्षण किया गया, जिसके अनुसार- इनके द्वारा क्लीनिक में मरीजों का इलाज किया जाना पंजीकरण प्रमाण पत्र नही पाया गया। एवं क्लीनिक में मौके पर इंजेक्शन जेन्टामाइसिन 20 एम.एल. एवं डेक्सामैथाजॉन 20 एम. एलउपयोग किया हुआ खुला पाया गया।

दवा मेडीकल स्टोर के साथ-साथ क्लीनिक का संचालन माधव मित्रा द्वारा मरीजों का इलाज किया जाना। फार्मेसी दुकान में विकय की जा रही दवाइया का स्टॉक रजिस्टर संधारित नही पाया गया। संचालित क्लीनिक में अनाधिकृत दवाइया एवं मरीज के भर्ती हेतु 2 पलंग, आई.व्ही सैट एवं आई व्ही. फ्लूड के साथ उपयोग किये गये रैपर एवं वेस्ट मटेरियल पाया गया। डिग्री पूछने पर इलेब्ट्रोहोमोपैथी का दस्तावेज दिखाया गया, लेकिन मरीजो का उपचार एलोपैथी चिकित्सा पद्धति से एलोपैथी दवाओं का प्रयोग कर किया जा रहा है, जोकि स्वीकृत चिकित्सा पद्धति के नियम विरुद्ध है।

उपरोक्तानुसार निरीक्षण में पायी गई कमियों के संबंध में योगेश शुक्ला एवं मित्रा फार्मेसी दुकान के मालिक माधव मित्रा का क्लीनिक बंद करा कर वैधानिक लाइसेंस लेकर मरीजों के इलाज एवं नियमानुसार मानक मापदण्डों अनुसार क्लीनिक संचालन हेतु एवं दवा हिदायत/निर्देश दिया गया, यदि भविष्य में नियम विरुद्ध चिकित्सा कार्य करते पाये जाने पर क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेन्ट (पंजीकरण आऔर विनियम) अधिनियम 2010 क तहत कार्यवाही की जावेगी।

### जिला पंचायत सभागार में शिक्षा समिति की हुई बैठक

# आगामी सत्र में और बेहतर परीक्षा परिणाम का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला पंचायत सभागार में अशोक विश्वकर्मा, सभापति शिक्षा समिति, की अध्यक्षता में जिला शिक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिले में बोर्ड परीक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में अच्छे परीक्षा परिणाम के लिये डीईओ, डीपीसी सहित सभी शाला प्रभारियों व शिक्षकों को बधाई देते हुये आगामी सत्र में और बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य रखा गया।

बैठक में सदस्य अजय गौटिया, प्रदीप त्रिपाठी की उपस्थिति में शालाओं की अधोसंरचना, बरसात के पूर्व शाला तथा शौचालय मरम्मत, शिक्षा विभाग के शिक्षकों सहित समस्त कर्मचारियों के संलग्नीकरण समाप्त करने, गणवेश तथा पाठ्यपुस्तक वितरण, छात्रावासों में वार्डन तथा सहायक वार्डन की पदस्थापना के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करने सहित शिक्षकों की कमोन्नति तथा पदोन्नति व एनपीएस भुगतान, पदक्रम सूची आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर निर्णय लिये गये।

साथ ही शिक्षा विभाग की बैठक को निर्धारित समयावधि में आयोजित करने, शालेय कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के संबंध में निर्देश जारी किये गये। नवीन सत्र के प्रारंभ के पूर्व शालाओं में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर नामांकन के शत-प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करते हुये प्रारंभ से ही शिक्षक तथा बच्चों की उपस्थिति शाला में निर्धारित समय पर सुनिश्चित करते हुये अध्यापन कार्य नियमित रूप से कराने का संकल्प पारित किया गया।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी, एडीपीसी अभय जैन, एपीसी रामभूषण अग्निहोत्री, अनिल त्रिपाठी व सुबरण सिंह राजपूत सहित सभी बीईओ, बीआरसी एवं उपयंत्री उपस्थित रहें।

## घुमाने ले जाने के बहाने किशोरी से किया दुष्कर्म

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने लापता किशोरी को रीवा से दस्तयाब किया। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति ने थाना मे आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की उसकी 16 वर्षीय बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर बालिका की तलाश शुरू की गई। रीवा से बालिका को दस्तयाब कर उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया। पूछताछ में पीडिता ने बताया कि दुग्गू उर्फ दुर्गेश शर्मा उसे पार्क घुमाने के बहाने घर से कटनी बुलाया और बाद में जबरन रीवा ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। जिस कारण आरोपी दुर्गेश शर्मा को गिरफ़्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उ.नि. प्रियंका राजपूत, सउनि. शशिभूषण सिहं, प्र.आर. पकंज, राजेश चौधरी, आर अजय त्रिपाठी, सैनिक अक्षय पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।

# अधिकारी, कर्मचारियों के दायित्वों में किया फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने प्रशासनिक कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम में कार्यरत शैलेन्द्र प्यासी को अतिक्रमण प्रभारी के दायित्वों से मुक्त करते हुए मानेन्द्र सिंह को वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ अतिक्रमण शाखा प्रभारी एवं कार्यपालन यंत्री उपयंत्री जल प्रदाय विभाग के निर्देशन में नवीन एवं पुराना जलशोधन संयंत्र पंप हाउस के संचालन एवं संधारण संबंधी कार्यों के लिए सुपरविजन का दायित्व तत्काल प्रभाव से सौंपा है। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश में राकेश रजक स्थाई कर्मी और देवेन्द्र वाजपेई फ़िक्स वेतन कर्मचारी को ट्रेड लायसेंस के दायित्वों से मुक्त करते हुए अतिक्रमण शाखा में अतिक्रमण प्रभारी के निर्देशन में विभागीय कार्य संपादित करने हेतु निर्देशित किया है। अभिषेक बघेल उद्यान पर्यवेक्षक को विभागाध्यक्ष के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 01 से 45 तक ट्रेड लायसेंस वसूली कार्य का दायित्व सौंपा गया है।

निगमायुक्त ने अतिक्रमण शाखा को प्रतिदिन शहर के मुख्य मार्गों में पेट्रोलिंग एवं मुनादी करते हुए अस्थाई अतिक्रमण को हटाते एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने की कार्यवाही करने तथा यातायात विभाग से समन्वय स्थापित कर सुगम आवागमन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है। निगमायुक्त द्वारा अतिक्रमण विभाग को अवैध निर्माण स्थाई अतिक्रमण बेजा कब्जा अवैध कालोनी निर्माण में कार्यपालन यंत्री क्षेत्रीय उपयंत्री को आवश्यक सहयोग प्रदान करने निर्देशित किया है

**खबर संक्षेप**

## दूसरे जिले से आने वाली नान स्टाप बसों का प्रवेश प्रतिबंधित

**कटनी।** शहर के यातायात दबाव एवं आम जनता की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अन्य जिलों से आने वाली नान स्टाप बसों का अब कटनी शहर में प्रवेश तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा तदाशय का आदेश गुरुवार को जारी किया गया है। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि अन्य जिलों की नान स्टाप बसें बाय पास से नहीं जाकर कटनी शहर में प्रवेश करते हुए जातीं हैं। जिससे शहर में आये दिन जाम लगने से आम नागरिकों का आवागमन बाधित होता है और जन सामान्य को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसलिए अन्य जिलों की बसों के लिए एस डी एम कटनी श्री मिश्रा ने यातायात मार्ग भी तय किया है। जिसके तहत दमोह, पन्ना,सतना, शहडोल और उमरिया जिले की बसें चाका बायपास से कटनी बस स्टैंड तथा वापस बस स्टैंड कटनी से चाका बायपास होते हुए अन्य जिले के लिए यात्रा पर रवाना होंगी। जबकि जबलपुर से आने वाली बसें पीरबाबा बायपास से होते हुए बस स्टैंड कटनी तथा कटनी बस स्टैंड से होते हुए अन्य जिले की ओर यात्रा हेतु प्रस्थान करेगी। एस डी एम कटनी श्री मिश्रा ने एक अन्य आदेश जारी कर सवारी बसों का मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी, और मुड़वारा रेलवे स्टेशन तक बसों के प्रवेश और आवागमन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया है। यह आदेश शहर के भीतर लगने वाले जाम को मद्देनजर रखते हुए जनहित में जारी किया गया है।

## वॉलंटियर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**कटनी।** राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य को देखते हुये जिले में आपदा प्रबंधन के तहत नागरिक सुरक्षा के सभी जरूरी प्रबंध किये जा रहे हैं। कलेक्टर के निर्देश पर पार्षद, सरपंच, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को, नगर निगम एवं नगर परिषदों के स्वयंसेवकों तथा कॉलेज के एनएसएस आवेदकों तथा एनसीसी आवेदकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जारी प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुसार शनिवार 17 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगर परिषद कैमोर, नगर परिषद विजयराघवगढ़ एवं कैमोर के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## पूर्व में 13 विभागों के अवकाश पर लगे प्रतिबंध को हटाया गया

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा 9 मई को 13 विभागों के शासकीय सेवकों के अवकाश के प्रतिबंधित आदेश जारी किए गए थे। मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग उप सचिव श्री प्रदीप जैन द्वारा शुक्रवार को संबंधित आदेश को वापस लेते हुए लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया गया है। इस सम्बंध में समस्त कलेक्टर्स व पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी किया गया है।

## जिला चिकित्सालय में कार्यशाला आयोजित

**कटनी।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला चिकित्सालय सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के अठ्या एवं जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव हेतु जागरूक किया गया। साथ ही शालिनी नामदेव द्वारा अपने कार्यक्षेत्र एवं घर के आसपास डेंगू से बचाव के उपाय करने की शपथ दिलाई गई। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम है- देखे, साफ करें, ढकें: डेंगू को हराने के उपाय करें। इस अवसर पर डॉ. यशवंत वर्मा सिविल सर्जन, पी के महार मलेरिया निरीक्षक, ब्लॉक विजयराघवगढ, कन्हवारा, रीठी एवं शहरी कटनी के सीएचओ, राजेश श्रीवास्तव व सद्गुरू सेवा संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## उपचार के लिए 1 लाख 35 हजार रुपये

**कटनी।** ग्राम घुघरी निवासी सरमन सिंह पिता जियालाल की बीमारी के उपचार हेतु 50 हजार रुपये की राशि स्वेच्छानुदान मद से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है। वहीं शैलेन्द्र कुमार मिश्रा को उपचार हेतु 85 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

### जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की मौजूदगी में लाटरी पद्धति से हुआ आवंटन

# आवास का आवंटन : 81 हितग्राहियों के पक्के आवास का सपना हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आईएचएसडीपी योजना अंतर्गत कटनी शहर के इंदिरा नगर, प्रेम नगर, सरलानगर पड़रवारा और अमकुही बस्ती में निर्मित आवासों के पात्र 81 हितग्राहियों को शुक्रवार को लॉटरी सिस्टम से आवास आबंटित किए गए। नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों के भवन आवंटन की कार्यवाही रेडमाइजेशन पद्धति से की गई।




इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्री नीलेश दुबे, मेयर इन काउंसिल सदस्य एडवोकेट सुरेन्द्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी, नन्ही बाई तुलाराम गोटिया, ओमप्रकाश बल्ली सोनी, सुखदेव चौधरी, विनोद लाला यादव, पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक सहित नगर निगम के अधिकारी व हितग्राहियों की मौजूदगी रही।

शुक्रवार को निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इंदिरा नगर के 22 हितग्राहियों, सरला नगर के 5 , पड़रवारा के 4, अमकुही के 18 सहित प्रेमनगर बस्ती के 32 पात्र हितग्राहियों को भवन का लाटरी पद्धति से आवंटित किया गया। हितग्राही को मकान आबंटन के दौरान सभी ने ताली बजाकर उनका स्वागत किया और बधाई दी।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम के दौरान लाभान्वित हितग्राहियों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि योजना से गरीबों का अपने घर का सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीब वर्ग के नागरिकों को पक्के मकान प्रदान कर सरकार ने उनका पक्की छत के नीचे रहने का सपना साकार किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए वह धन्यवाद के पात्र है। हितग्राहियों ने पक्के आवास का आबंटन पाकर सरकार एवं जिला व निगम प्रशासन के प्रति खुशी जाहिर की।

कार्यक्रम के दौरान निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे नें जानकारी देते हुए बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आज यह कार्यवाही पूर्ण होने जा रही है। योजना के अंतर्गत कुल 171 हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 137 हितग्राही पात्र पाए गए। पात्र हितग्राहियों में 81 हितग्राहियों द्वारा निर्धारित शुल्क की राशि जमा किये जाने पर आज उन्हें भवनों का आवंटन किया गया। निगमायुक्त श्री दुबे ने लाभान्वित हितग्राहियों से स्वयं आवंटित आवासों में रहने का आग्रह किया। आपने शेष पात्र हितग्राहियों से भी निर्धारित शुल्क की राशि शीघ्र जमा कर भवनों का आवंटन प्राप्त करने की बात कही। कार्यक्रम समापन के दौरान निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

निगम कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित आवास आबंटन की कार्यवाही के दौरान जिन हितग्राहियों को भवनों का आवंटन किया गया है उनकी सूची सुलभ संदर्भ हेतु निगम कार्यालय के सूचना पटल सहित जिला जनसंपर्क कार्यालय के फेसबुक अकाउंट एवं नगर निगम जनसंपर्क कटनी के फेसबुक अकाउंट में देखी जा सकती है।



## बेखौफ हो गए चोर, अब दिन दहाड़े हो रही चोरी की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते चोर बदमाश अब बेफिक्र हो गए है। गुरुवार की दोपहर लगभग 1 बजे से 3 बजे के बीच नगर के वार्ड क्रमांक 11, खितौली रोड स्थित पटवारी प्रतिभा मिश्रा पतिनीरज त्रिपाठी के मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार चोरों ने घर से लगभग 5,000 नगद सहित अन्य कीमती सामान पार कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से मोहल्ले में भय का माहौल बना हुआ है। लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। परिजन जब शिकायत करने थाना पहुंचे तो पुलिस ने स्टाफ की कमी का हवाला देते हुए टरका दिया।

### आए दिन हो रही चोरी से लोगों में दहशत

गौरतलब है कि बरही क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी बड़ी चोरी का खुलासा नहीं कर सका है। लोगों का कहना है कि जब तक पुलिस की कार्यशैली में सुधार नहीं होगा और गश्त को मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक ऐसी वारदातें रुकने की उम्मीद नहीं की जा सकती। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बरही थाना में पुलिस स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाए और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जाए, ताकि आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

### सांदीपनि विद्यालय करेला में समर कैम्प का हुआ समापन

## विभिन्न विधाओं का विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन, प्रमाण पत्रों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही तहसील अंतर्गत ग्राम करेला में संचालित मध्य प्रदेश शासन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार 1 से 12 मई तक लगातार समर कैंप का आयोजन विभिन्न विधाओं में संचालित था जिसका समापन हुआ। इस अवसर पर 12 दिनों में सीखे गए विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया ।



छात्र-छात्राओं द्वारा देवी अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका सरस्वती बंदना मां नर्मदा लोक गीत स्वागत गीत एवं पेंटिंग का प्रदर्शन किया गया। छात्र छात्राएं एवं अभिभावक एवं प्रशिक्षक बड़े उत्साह के साथ भाग लिए एवं समर कैम्प को उपयोगी बनाया गया।

समापन के इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री आर के शुक्ला द्वारा समर कैंप की उपयोगिता एवं विद्यालय की उपलब्धि के विषय में विस्तार से चर्चा की गई।

सरपच अमर सिंह द्वारा द्वारा संदीपनी विद्यालय के इस गांव में प्रारंभ होने से गांव के शैक्षिक सांस्कृतिक वातावरण के विषय में जानकारी दी गई। सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश त्रिपाठी समर कैंप में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की गई धर्मेंद्र सिंह द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया समर कैंप प्रभारी विनोद कुमार सकवार द्वारा समर कैंप की प्रतिदिन की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र पांडे द्वारा किया गया ।इस अवसर पर श्रीमती मनोरमा बर्मन पुनीत मिश्रा श्री बृजराज सिंह देवा banskar समीर चतुर्वेदी राघवेंद्रआचार्य एवं बच्चो के अभिभावक उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस समर कैम्प में अनिल दुबे का तबला वादन एवं योगा में सहयोग रहा। साथ ही कालूराम बर्मन मुकेश रजक राकेश बैगा रामलखन बैगा जयकरण बैगा अशोक विश्वकर्मा गिरिजा विश्वकर्मा सभी का स्वल्पाहार एवम व्यवस्था में सहयोग रहा।

## ग्रामीणों को जल संरक्षण की दिलाई गई शपथ



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत रुपोंद में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया व सेक्टर परामर्शदाता के सहयोग से जल को सुरक्षित रखने व जल को बचाने के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए प्राथमिक शाला में सभी महिला एवं पुरूषों को एकत्र कर जल को बचाने की जानकारी दी गई। साथ ही सभी को जल बचाने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत बड़वारा सेक्टर परामर्शदाता प्रियंका रजक, एमएसडब्ल्यू छात्रा अनसूया पटेल, मीना विश्वकर्मा, अंजनी पटेल, रामभाई, फूलबाई, ललिता बाई, प्रतिमा बाई, लक्ष्मी पटेल, अर्जुन पटेल, कड़ाही सोनेलाल पंच, सोनेलाल, माया यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बसंती बाई, मुन्नीबाई, पूनम पटेल, ज्योति, मिमिनिया बाई, झिरबतिया, सीमा, सहित अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

### महापौर और निगमायुक्त द्वारा शिविर में पहुँचकर लाभ लेने की गई अपील

## अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की सुविधा हेतु शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में स्थित पात्र अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक सुविधाए उपलब्ध कराने तथा भवन अनुज्ञा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वार्डों में लगातार शिविरों का आयोजन कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा एक आदेश जारी करते हुए 21 मई तक श्री अनिल जायसवाल सहायक यंत्री एवं प्रभारी अधिकारी कॉलोनी सेल के निर्देशन में चार दल गठित करते हुए विभिन्न चार वार्डों में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए जाकर अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है।

### इन वार्डों में ये अधिकारी होंगे दल प्रभारी

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार चार वार्डों में आयोजित हो रहे शिविरों में वल्लभ नगर इंदिरा गांधी वार्ड क्र.4 के लिए दल प्रभारी जे.पी.सिंह बघेल,अहमद नगर राममनोहर लोहिया वार्ड क्र 5 के लिए दल प्रभारी अश्वनी पांडे, जाग्रति कालोनी आचार्य विनोवा भावे वार्ड क्र 14 के लिए दल प्रभारी शैलेंद्र प्यासी,एवं शारदा कॉलोनी बाबू जगजीवनराम वार्ड क्र 19 के लिए दल प्रभारी संजय मिश्रा रहेंगे,एवं इनके साथ चार-चार अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। शिविर का आयोजन प्रातः 11:00 बजे 05:30 बजे तक किया गया है। इससे बसाहट क्षेत्र के सैंकड़ो परिवार के लोगों को लाभ मिलेगा। इसी प्रकार नगर के अन्य वार्डों की कॉलोनियों में भी शिविर लगाकर नागरिकों को राहत प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। निगमायुक्त ने अधिक से अधिक ब कॉलोनी वासियों को शिविर में पहुँचकर लाभ प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शिविर में ही प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं दस्तावेजों का वैध की गई कॉलोनियों से खसरा मिलान करते हुए विकास शुल्क की डिमाण्ड जारी करने कार्यवाही की जाएगी।

### तिलक कॉलेज में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित

## प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप यादव के निर्देशन में जिला कमाण्डेंट की एनडीईआरएफ टीम के द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, डॉ. चित्रा प्रभात, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।



प्रशिक्षण शिविर में प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता, डॉ. संदीप निगम, डॉ. यशवंत वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नागरिक सुरक्षा से संबंधित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नागरिक सुरक्षा अंतर्गत आपातकालीन स्थिति के बारे में जानकारी देते तैयारी, रोकथाम, शमन, प्रतिक्रिया, आगजनी, बाढ आदि की घटना के बारे में स्वयंसेवकां को अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण जानकारी दी

आग की घटना के चारों प्रकारों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटना होने पर किस प्रकार की सहायता प्रदान करनी है, के बारे में जानकारी दी गई। ब्लैकआउट के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया गया कि ब्लैकआउट में होने वाली घटनाओं से खतरा बहुत कम होता है तथा संवेदनशील स्थिति में पूरी तरह अंधेरा कर दिया जाता है। जिससे दुश्मन के हवाई जहाज या ड्रोन को कोई रोशनी नजर न आए और हमला होने का खतरा कम हो जाता है। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कई महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं दल प्रभारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस प्रशिक्षण शिविर में शैलेन्द्र दुबे, वीरेन्द्र खरे, डॉ. माधुरी गर्ग, ममता ठाकुर, रिचा दीक्षित आदि अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती संस्कृति लटोरिया, प्राध्यापक समाजशास्त्र डॉ. आर.पी. मिश्रा उपस्थित रहे।

### पहले मिट्टी मुरम बिछाई अब गिट्टी डाल पक्का निर्माण किया प्रारंभ

## अधिकारियों को गुमराह कर पक्की सड़क का निर्माण कर रहा स्कूल प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

पकरिया स्थित ग्रेस मिशन इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रबंधन के द्वारा लगाकर मनमानी बरती जा रही है। प्रबंधन ने पहले तो नर्मदा माइनर नहर का स्वरूप बिगाड़कर बड़े बड़े पत्थर डालें और फिर मुरम बिछाकर सड़क का निर्माण कराया। अब निजी स्कूल प्रबंधन सड़क के ऊपर गिट्टी बिछाकर पक्की सड़क बनाने की तैयारी में हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा सड़क निर्माण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है लेकिन अधिकारियों से सांठगांठ के बाद स्कूल प्रबंधन पूरी तरह से मनमानी पर उतारू होकर सरकारी जमीन को अपने कब्जे में ले रहा है।



वहीं नर्मदा नहर के अधिकारियों का कहना है कि हमनें मिट्टी मुरम डालने की अनुमति दी थी,पक्का निर्माण हुआ तो कार्रवाई होगी। एक महीने पहले भी मामला उछला तो स्कूल प्रबंधन ने पूरी तरह से काम बंद कर दिया। अब फिर से स्कूल प्रबंधन अपनी कारिस्तानी शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक उमरियापान के समीप बिछिया माईनर नहर भी है। पकरिया में इसी माइनर नहर के ऊपर ग्रेस मिशन इंग्लिश मीडियम स्कूल के द्वारा शासन के नियमों को रौंदकर निजी उपयोग हेतू शासकीय भूमि पर ठेकेदार के माध्यम से सड़क बनाने का कार्य कराया जा रहा है। स्कूल प्राचार्य ने पत्राचार किया और कार्यपालन यंत्री ने स्कूल को फर्जी अनुमति दे दी। स्कूल ने भी सालभर बाद निर्माण कार्य शुरू किया। माइनर नहर के ऊपर सड़क निर्माण कराने से नहर का स्वरूप तो बदला है।नहर की स्थिति भी खराब हो गई है। सड़क की मिट्टी भी नहर में समा गई है। किसानों को तकलीफ है। सड़क निर्माण होने और नहर बाजू में होने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। मामले पर ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मामले को अवगत कराकर कार्रवाई की मांग किया है।

### सांठगांठ के भी आरोप

इस पूरे मामले पर कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्र-4 सिहोरा, जिला जबलपुर की भूमिका पूरे तरीके से संदिग्ध है। जिन्होंने निजी स्कूल प्रबंधन से सांठगांठ कर स्कूल को सड़क बनाने की इशारे इशारे में अनुमति दे दी। कार्यपालन यंत्री अक्सर विवादों के घेरे में बने रहते है। अब भी कार्यपालन यंत्री ने शासन के नियमों को दरकिनार कर स्कूल प्रबंधन से सांठगांठ कर सड़क निर्माण में सहयोग कर दिया। इतना ही कार्यपालन यंत्री ने तो फर्जी अनुमति में महत्वपूर्ण जानकारी छुपाई है, इसके अलावा अपने ही विभाग के अधिकारियों को भी अवगत नहीं कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि निजी संस्थान को लाभ पहुँचाने की मंशा से कार्यपालन यंत्री ने संस्थान के लोगों से खासा लेनदेन किया और दलेरी से सड़क निर्माण करवा दिया।

मुख्य अभियंता को इसकी जानकारी भी नहीं दिया।ग्रामीणों ने कार्यपालन यंत्री के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों के पास शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग किया है।

### इनका कहना है

इस संबंध में कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास, संभाग क्रमांक 4 सिहोरा अनिल तिवारी का कहना है कि मिट्टी मुरम बिछाने की अनुमति दी गई थी, पक्के निर्माण की नहीं। स्कूल प्रबंधन द्वारा पक्का निर्माण कार्य कराया जा रहा है तो यह गलत है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के मामले में नहीं मिली सफलता

कटनी

के कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्नी कॉलोनी में 27, 28 अप्रैल की दरमियानी रात एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस को आज तक सफलता नहीं मिल पाई है। पन्नी कॉलोनी निवासी प्रदीप कोल का विवाद स्थानीय निवासी अन्नू कोल नमक युवक से हुआ। विवाद इस कदर बढ़ा कि अन्नू ने प्रदीप के ऊपर घातक हथियार से हमला कर दिया। दूसरे दिन उसकी लाश मिली थी।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### ढोल नगाड़े के साथ निकाली तिरंगा रैली

**हरिभूमि न्यूज सिमरिया।** भारत ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब दिया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के संदर्भ में ग्राम दनवारा वासियों ने तिरंगा रैली निकाली! ग्राम दनवारा से देश की सेना को 6 सैनिक सेवा प्रदान कर रहे है। ग्राम दनवारा के रहने वाले सेना में पदस्थ सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी की पहल से 10वीं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ग्राम दनवारा के सचिन राजपूत ने छतरपुर जिला में टॉप कर पन्ना जिले के ग्राम दनवारा का नाम रोशन किया सचिन राजपूत का कहना है दनवारा ग्राम के सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी द्वारा समय-समय पर मानसिक आर्थिक और खेल कुंद जैसी प्रतियोगिताओं से प्रोत्साहन बढ़ाया जाता है साथ में पुरस्कृत भी किया जाता है उनकी पहल से इस वर्ष आठ छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत के ऊपर अंक लाकर गांव का नाम रोशन किया जिसमे दो बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किये है (एक छात्रा ने 92 प्रतिशत और एक छात्र ने 96.6 प्रतिशत) सूबेदार साहब की अनुपस्थिति में हम सभी ग्राम वासियों ने पोस्टर में कर्नल सोफिया कुरैशी एवं बिंग कमांडर व्योमका सिंह और अपने ग्राम के सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी का चित्र बनवाकर ढोल नगाड़े के साथ भारत माता की जय वंदे भारत के नारे लगाते हुए बड़ी माता से दनवारा मोड़ तक रैली निकालकर यह संदेश दिया की एक सैनिक का सम्मान संपूर्ण देश के लिए सर्वोपरि है सूबेदार साब का एक ही सपना है क्षेत्र हो सर्वश्रेष्ठ अपना रैली में सभी ग्राम वासियों और छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर अपना योगदान दिया।

### महाराजा छत्रसाल जयन्ती की पूर्व संध्या पर होगा कवि सम्मेलन

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** बड़ा बाजार स्थित साईं मंदिर के हॉल में महाराजा छत्रसाल जयन्ती की पूर्व संध्या पर दिनांक 28 मई 2025 को सांय 5.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुये लक्ष्मीनारायण चिरोलया ने कहा कि कवि सम्मेलन में नगर व जिले के समस्त कविगण सादर आमंत्रित हैं।

### जिला अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड के साथ की अभद्रता

**छतरपुर।** जिला अस्पताल में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें मरीज के परिजनों द्वारा सिक्योरिटी गार्ड को गालियां दी जा रही हैं। घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र के दीवानजू का पुरवा निवासी मुकेश पुत्र भगवत पटेल उम्र 22 वर्ष से जुड़ी है, जिसने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे इमरजेंसी वार्ड में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे ऊपरी मंजिल पर इलाज के लिए भेजा। इमरजेंसी में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सिक्योरिटी गार्ड ने एक गेट बंद किया था, जिससे नाराज परिजनों ने गार्ड को बुरी-बुरी गालियां देना शुरू कर दिया। वीडियो में गार्ड बार-बार गाली न देने की अपील करता दिख रहा है।

### एकलव्य विश्वविद्यालय में इंटेक दमोह चेप्टर का हुआ शुभारंभ

# दमोह के लिए इंटेक चैप्टर का शुरू होना अपने आप में एक बड़ी बात : संस्कृति राज्यमंत्री

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

विरासत जागरूकता और संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया की उपस्थिति में इंटेक दमोह चेप्टर का शुभारंभ एकलव्य विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर इंटेक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, इंटेक मध्यप्रदेश के प्रदेश संयोजक दीपक खांडेकर (सेवानिवृत्त आईएएस), विशेष सचिव रेरा भोपाल तथा प्रदेश सहसंयोजक इंटेक राजेश बहुगुणा (सेवानिवृत्त आईएएस), इंटेक जबलपुर के संयोजक डॉ.संजय मल्होत्रा, कलेक्टर एवं इंटेक अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं इंटेक दमोह की संयोजक डॉ.सुधा मलैया खासतौर पर मौजूद थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा आज युवा पीढ़ी जनरल दिखाई देती है इसीलिये हम देखते हैं किसी विद्यालय के अंदर, कालेज के अंदर, महाविद्यालय के अंदर पुरानी संस्कृति दिखाई नहीं देती। क्योंकि हमने अपनी गौरवशाली परम्परा को भुला दिया है। हमारे पूर्वज कहते रहे ₹अस्तु माँ सदगमय, तमसो मां ज्योति गमय₹ सत्य से सत्य की ओर जाओ, अंधकार से प्रकाश की ओर जाओ लेकिन जैसे ही आज विद्यार्थी पढ़ लेता है, तो वह अपना तरीका बदल देता है।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा आज इंटेक के माध्यम से हमारे दमोह जिले की धरोहरों को




जो शासन संधारित नहीं है या पुरातत्व विभाग द्वारा संधारित नहीं है, संधारित करने का काम शुरू होगा। पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया और कार्यक्रम की सभी को बधाई दी।

इंटेक चेप्टर के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने कहा 237 वां अध्याय दमोह से शुरू हो रहा है। जहां एक सूत्र में बंधकर काम होता है वहां सफलता मिलती है, भारत का इतिहास वैभवशाली और गौरवशाली है। श्री ठाकुर ने कहा दमोह जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने इंटेक का काम किया है, उन्होंने दमोह दर्शन पुस्तिका प्रकाशित करवाई है, सराहनीय है। उन्होंने कहा आप सब राष्ट्र के ही नहीं जिले के स्मारकों को भी जानें। पुराने तालाबों वृक्षों को जानें पुरानी खाद्य सामग्री, कहानी का संरक्षण इंटेक कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा इंटेक की पूरी टीम दमोह आएगी और यहां आपके साथ काम करेगी। साथ ही उन्होंने कहा इंटेक यहां पर कार्यों के लिए राशि भी देगी साथ ही जिला प्रशासन से आग्रह किया की इंटेक कार्यों के लिए सीएसआर से राशि मुहैया कराई जाये।

प्रदेश संयोजक इंटेक दीपक खांडेकर ने कहा संस्कृति हमारे लोकगीत, हमारी लोक कथाएँ, हमारा भोजन, बहुत सारी हमारी हेरिटेज है, हमारा इतिहास जिसने जैसा लिख दिया वैसा हमने पढ़ लिया। श्री खांडेकर ने कहा मैं संयोजक हूँ राज्य का उसमें भी बड़ी उपलब्धि दिलाई है कि नया चैप्टर यहॉ शुरू हुआ मेरा शुरू से ही प्रयास रहा है, कि जितने ज्यादा चैप्टर बनेगे उतना ही हम अपनी अमूल्य धरोहर का संरक्षण कर पायेंगे।

विशेष सचिव रेरा भोपाल तथा प्रदेश सहसंयोजक इंटेक राजेश बहुगुणा ने कहा संस्कृति को मैं जिस तरह से देखता हॅू तो मुझे लगता है, कि संस्कृति में सारा जीवन समाहित है। उन्होंनें कहा जब हम गॉव जाते तो वहां पर कोई लडकी जींस पहनी नही दिखती थी, लेकिन आज संस्कृति बदल रही है, जैसे कि पहले मोबाईल फोन नही था, तो डाक के माध्यम से संदेश जाता था, लेकिन आज टेक्नोलॉजी ने सब कुछ बदल दिया है। उन्होंने भारतीय संस्कृति पर गर्व करने की बात कही।

कलेक्टर एवं इंटेक दमोह चेप्टर के अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर ने कहा मैं एक बार पूरे सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूॅ कि आप लोगों ने जो चैप्टर का शुभारंभ यहॉ पर किया है, हम लोगों पर भरोसा व्यक्त किया है, हम लोग इस भरोसे पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेगें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हमको सामूहिक प्रयास करते हुए कुछ अच्छा योगदान देना है, उसके के लिये हम प्लान करेंगे और तेजी से आगे बढ़ायेंगे। इंटेक जबलपुर के संयोजक डॉ.संजय मल्होत्रा ने कहा इंटेक चैप्टर की शुरूआत करके नेक काम किया है, मैं इसके लिये राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हॅू। उन्होंने कहा अगर हेरिटेज संरक्षित होगा तो ही पर्यटन बढ़ेगा एक सीधा सा फंडा है, पर्यटन और संस्कृति दोनों विभागो का मिला-जुला तालमेल का काम है और मिलकर के अपनी संस्कृति के संरक्षण के ऊपर काम करना है। एक सबसे महत्वपूर्ण बात है, हम केवल कन्ज़र्वेशन ही नहीं करते हमारा पहला काम है अवेयरनेस, अगर हम जागरूक नहीं होंगे की हमको अपनी धरोहर को संरक्षित करना है, तो सब व्यर्थ है, इसलिए लोगो को जागरूक करना बहुत आवश्यक है।

एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं इंटेक दमोह की संयोजक डॉ.सुधा मलैया ने संबोधित करते हुए कहा हमारे वीर जवानों के अद्भुत शौर्य व साहस की सराहना सब कर रहे हैं, किंतु इसलिए कि भारतीय संस्कृति का प्रवाह समूचे विश्व पर है और उसकी छाप हम सब पर है। भारतीय संस्कृति जिसकी क्षितिज के मुख्य चार स्तंभ हैं, क्षितिज हर राष्ट्र की एक पहचान होती है, जो उसके विचारों की सामूहिक चेतना होती हैं, जो वर्षों के बाद पैदा होती है, जिससे उसकी पहचान की जाती है, यह उस राष्ट्र की सामूहिक क्षितिज है, इनसे पहचान की जा सकती है, तो हमारी राष्ट्र की क्षितिज चार स्तंभों पर है, प्रथम सत्य है उसे किसी भी रास्ते से पाया जा सकता है। हमारे गुरु साथ थे उन्होंने कहा कि आप अंदर बैठके मनन करिए आपको कुछ ना कुछ अनुभव होगा और मुझे कुछ अनुभव हुआ मैंने देखा एक दम सूरज का प्रकाश और उसमें चारों तरफ़ से किरणें आ रही थी और मुझे जैसे कोई आवाज़ आई किसी से भी एक रास्ते का अनुसरण कर और यह भारत की पहचान है।

डॉ. मलैया ने कहा भारत एकांतवादी नहीं है, भारत अनेकांतवादी है, केवल यही सत्य है ऐसा नहीं, यह भी सत्य है। भारत की संस्कृति का मुख्य स्वर यह है, हम आत्मा की सत्ता, पुर्नजन्म , जियो और जीने दो का संदेश मानते हैं और हम वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करते हैं। भारत संयुक्त परिवार प्रणाली में विश्वास करता है। भारतीय संस्कृति में माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की परम्परा है।

अंत में इंटेक अध्यक्ष देहली श्री ठाकुर ने एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति, कुलगुरू एवं कुलसचिव के साथ ही इंटेक दमोह चैप्टर के सभी सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कुलगुरू डॉ. पवन कुमार जैन द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. हृदय नारायण तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. स्वाति गौर के स्वर में स्वर मिलाकर सामूहिक राष्ट्रगीत से किया गया।

इस अवसर पर दमोह जिले के अनेक शिक्षाविद, इतिहासकार, कलाप्रेमी, सम्मानीय मीडिया जन के साथ एकलव्य विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## त्रिशताब्दी जयंती पर हुआ व्याख्यान का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई जी होलकर के त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में विशिष्ठ व्याख्यान का आयोजित किया गया। पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर सनातन परम्परा की महानायिका, सुशासन और लोक कल्याण की प्रतिमूर्ति हैं। उनका जीवन, सम्पूर्ण राष्ट्र के उत्थान को समर्पित रहा है। इनके सामाजिक कार्यों ने भारत को राष्ट्र के रूप में पुनर्स्थापित कर इसमें एक नवीन संचेतना का संचार किया। लोकमाता अहिल्या बाई के जीवन चरित्र में राजकीय प्रबंधन, सामाजिक सद्भावना, समरसता और एकात्मकता के विभिन्न आयामों में परिलक्षित होती है। उन्होंने परम्परा से प्राप्त ज्ञान से प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लिया था। लोकमाता का जीवन न केवल उनके राज्य बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए समर्पित रहा है। आने वाली पीढ़ी राष्ट्र की महानायिका लोकमाता अहिल्याबाई की राज पद्धति, आदर्श कार्यकाल, न्याय पद्धति, समरसता एवं सद्भाव के साथ समाज संचालन सहित विविध आयामों से प्रेरित हो सकें, इसके लिए सामाजिक चेतना की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन, डॉ. अनिल यादव, डॉ. जितेन्द्र धाकड़, डॉ. जितेन्द्र कुमार चौधरी, सीमा जाट सहित विविध शिक्षाविद, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य विभाग का संदेश



**हटा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर शुक्रवार को सिविल अस्पताल हटा में एक रैली आशा कार्यकर्ताओं व स्टाफ के साथ निकाल कर शपथ ली कि डेंगू रोग को हम फैलने नहीं देंगे और संदेश दिया कि इसकी जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएंगे। डॉक्टर मनीष बहेरिया द्वारा बताया कि मच्छर जनित रोगों से बचने के लिए नियमित घर के आसपास की सफाई, मच्छरदानी का उपयोग,मच्छर भागने के लिए आवश्यक उपाय किये जायें तो इस रोग से बचा जा सकता है। साथ ही मच्छरों के पनपने के स्थान जैसे कूलरों की टंकियां, पक्षियों को पानी पीने वाले पात्रों की, पानी की टंकियां व स्थिर पानी के स्रोतों की नियमित सफाई सप्ताह में एक बार अवश्य करना चाहिए। इससे अनावश्यक परेशानी से भी छुटकारा मिलेगा। इस दौरान शपथ अनिल अहिरवाल काउंसलर द्वारा सभी को दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदीप पनिका सहित अस्पताल स्टाफ,आशा सुपरवाइजर एवं मरीज के परिजनों की उपस्थिति रही।

## भाजपा दीनदयाल नगर मंडल की मंडल कार्यकारणी घोषित

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह के जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की सहमति से दीनदयाल नगर मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया ने मंडल कार्यकारणी की घोषणा कि जिसमें मंडल उपाध्यक्ष आशीष राय, देवल कटारिया, विकास जैन, श्रीमती गायत्री वंशवर्ती, बालकृष्ण यादव, श्रीमती राधा सोनी, मंडल महामंत्री अरूण सोनी, महेन्द्र अहिरवार, मंडल मंत्री श्रीमती रितु पांडेय, श्रीमती आरती राय, राहुल ताम्रकार, श्री मती रेनु रजक, वीरेंद्र साहू, राहुल पाठक, मंडल कोषाध्यक्ष हरिशरण त्रिपाठी, सह कोषाध्यक्ष सुनील राज, मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह घोषी, सह प्रभारी आशोक कंचन, कार्यालय मंत्री अखिलेश चौबे एवं मंडल कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की। नवनियुक्त सभी मंडल पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने अपनी बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि सभी अपने दायित्वों का पूर्ण लगन और निष्ठा के साथ कार्य करें, संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करें। संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेगें यही आशा और विश्वास है।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जन जागरूकता रैली निकाली

**दमोह।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर जनसमुदाय में डेंगू से बचाव हेतु जनजागृति लाने के लिये जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉं. राजेश नामदेव द्वारा मलेरिया कार्यालय परिसर से डेंगू प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी यामिनी सिलारपुरिया सहित मलेरिया कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण एवं दमोह शहरी क्षेत्र की आशाओं द्वारा डेंगू से बचाव संबंधी शपथ ली तत्पश्चात मलेरिया कार्यालय के समस्त कर्मचारी एवं आशाओं सहित मुख्य मार्गो से होती हुई डेंगू



जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर डेंगू प्रचार रथ के माध्यम से आमजनता की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए डेंगू प्रचार रथ दमोह शहरी क्षेत्र में भ्रमण कराया गया एवं डेंगू से बचाव में उपयोगी संदेशों एवं पंपलेट का वितरण कर नागरिकों को जागरूक किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस थीम-''देखे, साफ करें, ढंकेः डेंगू को हराने के उपाय करे। डेंगू से बचाव के तरीकों पर जागरूक करने, मच्छरों की उत्पत्ति स्थल को समाप्त करना, घर में साफ-सफाई रखें एवं अपने घर में मच्छर न पनपने दे। डेंगू से बचें,- डेंगू का मच्छर रूके हुये साफ पानी में पनपता है अपने घरों में एवं घर के आस-पास 7 दिन से अधिक पानी जमा न होने दें तथा मच्छरों को पनपने से रोकें।

डेंगू के लक्षणः- बुखार के साथ तेज सिर दर्द, मॉसपेशियों एवं जोडों में दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते होना। बुखार के साथ तेज सिर दर्द, मॉसपेशियों एवं जोडों में दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते होना। डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क किया जाये। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा आम जनमानस से अपील की है कि आईये हम सभी डेंगू नियंत्रण में उचित सावधानी एवं अपने आस-पास घर, विद्यालय एवं कार्यालय में स्वच्छ जल प्रबंधन का संकल्प लें।

## दहेज मुक्त अभियान में दिया संदेश

**एयर फोर्स आर्मी मैकेनिकल इंजीनियर देशपाल लोधी ने दहेज मुक्त दिशा को दिया संदेश स्वयं की शादी में 13 लाख रूपये वधु पक्ष को किये वापिस महज पांच रूपये के नेग से सम्पन्न हुई शादी। देश में ही सेवा का संकल्प का जजबा लिये हुए जीवन में भी अलग ही संदेश समाज को देने में एयर फोर्स में मैकेनिकल इंजीनियर देशपाल लोधी ने अपनी स्वयं की शादी में 13 लाख रूपये बधु पक्ष से जो मिले उसे वापिस किया। दहेज मुक्त शादी करने में महज पांच रूपये के नेक से रचाई शादी। युवाओं को प्रेरणादायी संदेश यह है हमारी सेना के संस्कार जो देश की सुरक्षा ही नहीं बल्कि संस्कारों को भी बनाये रखते हुए युवाओं के लिए प्रेरणादायी दिशा दी जाती है। जो देशपाल लोधी ने स्वयं की शादी में दहेज मुक्त प्रथा को बनाने के लिए दिया संदेश।**



**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** मंगलवार को रॉयल गार्डन पन्ना में लोधी समाज की वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें वर पक्ष एवं कन्या पक्ष के अभिभावकों परिजनों की सहमति से समाजिक स्तर पर दहेज मुक्त शादी रचाकर समाज में संदेश देते हुए दहेज लोभियों को करारा जवाब देने के साथ सरकार के संदेश दहेज मुक्त विवाह के नारे को आत्मसात करने का काम किया है। एयर फोर्स आर्मी मैकेनिकल इंजीनियर लोधी देशपाल सिंह राजपूत परनियापुरवा तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना का लगुनोत्सव कार्यक्रम आदि सनातन धर्म सभा समन्वय मिशन की पद्धति से सम्पन्न कराया। बधू पक्ष सौभाग्यवती पुष्पा सिंह महदेल पन्ना के पक्ष से स्वेच्छा पूर्वक लगुनोत्सव में लगभग 13 लाख रुपए नकद राशि उपहार स्वरूप लगुन पत्रिका के साथ रखे गए थे। लेकिन वर पक्ष एवं स्वयं देशपाल सिंह ने नकद राशि में से सिर्फ पांच रुपए का सिक्का लगुन पत्रिका के साथ स्वीकार किया ।और बाकी राशि लौटाते हुए दहेज न लेने की अपनी इच्छा जाहिर करते हुए समाज में संदेश दिया कि नकद राशि दहेज की राशि मानी जाती है अतः जिन्हें अपनी बेटी को नकद राशि के रूप में देना है तो उसके नाम पर बैंक एफडी या गहने जेवर के रूप में देना चाहिए। जो उनके भविष्य के काम आयेगा।वर पक्ष को नकद राशि देकर अनाप-शनाप खर्च के लिए प्रेरित नहीं करना चाहिए वर पक्ष एवं वधू पक्ष को अपनी सामर्थ्य के अनुसार विवाह सम्पन्न करना चाहिए अपनी जमीन जायदाद बेचकर या कर्ज लेकर कोई भी माता पिता या भाई अपनी बहन बेटियों एवं बेटों का विवाह न करें ऐसी हमारी सोच है सभी उपस्थित समाज जनों ने देशपाल सिंह को आशीर्वाद एवं धन्यवाद दिया। दिनांक 14 मई 2025 की रात्रि पन्ना में रायल मैरिज गार्डन से विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। सभी बन्धुओं से आशा है कि ऐसे युवाओं को अपना समर्थन एवं आशीर्वाद प्रदान करें जो समाज में एक नई सोच और शुरुआत करने का साहस जुटाते हैं। मैं ऐसे वर वधु को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं आशीर्वाद प्रदान करता हूं।

## नि:शुल्क कॉक्लियर इंप्लांट ऑपरेशन से पवित्र सुन-बोल पा रहा है

**दमोह।** जन्म से सुनने और बोलने की समस्या से परेशान पवित्र के माता-पिता उसकी स्थिति को लेकर चिंतित थे और उसका ईलाज कराने के लिए संघर्ष कर रहे थे। सरकार की मदद से निःशुल्क कॉक्लियर इंप्लांट ऑपरेशन से बेटे पवित्र को एक नई जिंदगी मिली। वह अब बोल और सुन पा रहा है। ऑपरेशन के बाद पवित्र को सुनते बोलते देख उसके माता-पिता बहुत खुश है। सरकार को धन्यवाद देते हुए कहते हैं सरकार की मदद से बेटे पवित्र को सुनने-बोलने की समस्या से मुक्ति मिल गई है। पवित्र की माता जी कहती हैं जिनके बच्चे सुन-बोल नहीं पा रहे है, घबरायें नहीं शासन की मदद से निःशुल्क कॉक्लियर इंप्लांट ऑपरेशन के बारे मे जानकारी प्राप्त करें और अपने बच्चे को इस समस्या से मुक्ति दिलाएँ। तीन साल के हो चुके पवित्र को लेकर उसकी मॉ जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डी.ई.आई.सी.) दमोह पहुँची। जहॉ स्पीच थैरेपिस्ट ने पवित्र के मॉ को समझाया कि घबराने की जरूरत नहीं है। कॉक्लियर इंप्लांट एक ऐसी तकनीक है, जो 5 साल तक के बच्चों को सुनने-बोलने में सक्षम बना सकती है। प्रबंधन ने शासन की मदद से निःशुल्क ऑपरेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार करने में मदद की। दमोह डी.ई.आई.सी. टीम ने निःशुल्क ऑपरेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार किये शासन की मदद से बच्चे का सफल निःशुल्क कॉक्लियर इंप्लांट ऑपरेशन जिसमें अनुमानित खर्चा लगभग 6.5 लाख आता है, निःशुल्क किया गया। ऑपरेशन के बाद पवित्र की स्थिति में सुधार हुआ है। वह अब सुनने और बोलने लगा है।

## युवाओं ने लिया आध्यात्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों का संदेश

**दमोह।** मध्यप्रदेश आदि गुरु शंकराचार्य जी की जन्म जयंती के पावन अवसर पर शासकीय पीजी कॉलेज, दमोह में व्याख्यान माला कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन, अद्वैत वेदांत और उनके आध्यात्मिक योगदान पर विस्तृत चर्चा हुई। आदि गुरु शंकराचार्य का जीवन दृ अद्वैत दर्शन और राष्ट्र चेतना का अद्भुत संगम' मुख्य वक्ता नरेंद्र दुबे ने अपने उद्बोधन में आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य का जन्म केवल एक संत या दार्शनिक के रूप में नहीं हुआ था, बल्कि वे भारतीय संस्कृति और अध्यात्म के पुनर्जागरण के प्रतीक थे।उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी ने मात्र 32 वर्ष के जीवनकाल में भारतवर्ष को एक अद्वितीय आध्यात्मिक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनके द्वारा चार धामों में स्थापित मठ आज भी ज्ञान, साधना और भारतीय दर्शन के प्रमुख केंद्र हैं। अहम ब्रह्मास्मि के विचार को प्रतिपादित करते हुए उन्होंने बताया कि शंकराचार्य जी का अद्वैत वेदांत दर्शन आत्मा और परमात्मा की एकता का संदेश देता है, जो समत्व और विश्व बंधुत्व की भावना को जन्म देता है। श्री दुबे ने युवाओं से आह्वान किया कि वे



शंकराचार्य के विचारों को आत्मसात करें और सामाजिक एवं आध्यात्मिक चेतना के वाहक बनें। शंकराचार्य का जीवन ज्ञान, दर्शन और आत्मविकास की प्रेरणा' कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अनिल यादव, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, पीजी कॉलेज दमोह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि आत्मज्ञान ही सच्चा ज्ञान है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी के विचार केवल दार्शनिक नहीं, बल्कि अत्यंत व्यावहारिक भी हैं। वे जीवन में संतुलन, धैर्य, और नेतृत्व की भावना को विकसित करने में सहायक हैं। डॉ. यादव ने युवाओं को शंकराचार्य जी के विचारों से प्रेरणा लेकर आत्मविकास की ओर बढ़ने की सलाह दी अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति। इस अवसर पर पंडित राहुल पाठक एवं जितेन्द्र चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नवांकुर संस्थाओं से श्रीमती बबली विश्वकर्मा, श्रीमती सीमा जाट एवं श्री जितेन्द्र सिंह राजपूत ने सक्रिय भागीदारी की। साथ ही परिषद के परामर्शदाता श्री राजकुमार सेन, श्रीमती भावना दुबे, श्री राहुल खरे एवं श्री बृजेश सेन की गरिमामयी उपस्थिति रही। 'युवाओं की सहभागिता और प्रेरणा' मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने भी इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने शंकराचार्य जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सामाजिक नेतृत्व के महत्व को समझा। आभार प्रदर्शन' कार्यक्रम के अंत में श्रीमती वंदना जैन, विकासखंड समन्वयक द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं, छात्र-छात्राओं एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबर संक्षेप

### आज कृषि विज्ञान केंद्र दमोह में होगा बैठक का आयोजन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन पर फसल विविधीकरण एवं कृषि उद्यमिता के विकास हेतु आज 17 मई 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र सागर नाका दमोह में दोपहर 12 बजे बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें जिसमें डिकी के अध्यक्ष, एफ.पी.ओ कृषि विभाग एवं कृषि से संबंधित समस्त विभाग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, जिला प्रबंधक राज्य आजीविका मिशन, जिला उद्योग केन्द्र, आयुष विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग के संयोजक एवं अन्य आला अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में अधिक आय देने वाली फसलों जैसे अश्वगंधा, स्वीट कॉर्न, मोटा अनाज, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा कृषि क्षेत्र में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।

### आई.टी.आई प्रवेश 2025 हेतु च्वाइस फिलिंग प्रारंभ

**दमोह।** जिले की समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2025- 26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रथम चरण के प्रवेश 16 जून 2025 से प्रारंभ होगें। प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल (www.dsd.mp. gov. In) पर जाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर अपना पंजीयन करवाकर तकनीकी शिक्षा एवं स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। जिले की विभिन्न आई.टी.आई द्वारा टेक्नीकल ट्रेड्स इलेक्ट्रीशियन, फिटर वेल्डर, मैकेनिक डीजल, सोलर टेक्नीशियन, ड्राफ्टमैन सिविल एवं नॉन टेक्नीकल ट्रेड्स कोपा, स्टेनो में उच्चगुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

### प्रशासन ने हटाये अतिक्रमण

**दमोह।** शहर में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को कैदो की तलैया के समीप कैचमेंट एरिया में आने वाले अतिक्रमण को हटाया गया। सिनेमा तिराहा के पीछे रानी दुर्गावती के पास अतिक्रमण कर बनाये गये कमरों को गिराने की कार्यवाही राजस्व व नपा प्रशासन के अमले द्वारा की गई। जेसीबी से हटाये गये पक्के भवन के दौरान काफी मशक्कत करनी पडी। इस दौरान जीसीबी का पंजा भी एक बीम के नीचे फंस गया जिसके बाद काफी देर तक कार्यवाही रूकी रही। बाद में जेसीबी को यहां से निकालकर मरम्मत के लिये भेजा गया व कार्यवाहो को पूर्ण किया।

हटा थाना क्षेत्र के हारट में हुई खौफनाक वारदात

# प्राइमरी टीचर से 4 लाख की लूट के बाद जिंदा जलाया, मौत के बाद फैली सनसनी

### परिजनों ने लगाए लूट कर जिंदा जलाने के आरोप, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





अनुविभाग के हटा थाना क्षेत्र के हारट से एक दिल दहला देने और सनसनी फैलाने वाली वारदात सामने आई है कि गुरुवार की देर रात एक प्रायमरी टीचर के साथ सरेराह लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद उसे जिंदा आग के हवाले कर दिया गया जहां वारदात के बाद टीचर को जिला अस्पताल ले जाते समय इलाज के पूर्व दम तोड़ दिया।

घटना हटा थाना क्षेत्र के हटा मगरोन रोड पर हारट बरोदा गांव के बीच नहर के पास हुई है। दरअसल बीती रात सुनवाहा गांव के रहने वाले रुसन्दे गांव में प्रायमरी स्कूल के शिक्षक राजेश त्रिपाठी हटा में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव बाइक से सुनवाहा जा रहे थे और रात 9 बजकर 54 मिनिट पर उन्होंने अपने भाई को फोन कॉल किया कि उन्हें टोल नाके का आगे चार लोगों ने रोककर मारपीट कर पैसे लूट लिए और पेट्रोल डालकर उन्हें आग के हवाले कर दिया है इतना कहकर राजेश ने फोन काट दिया और घबराए हुए राजेश के परिजन मौके पर पहुंचे तो राजेश पूरी तरह से जले हुए पड़े हुए थे, आनन फानन में परिजन उन्हें हटा सिविल अस्पताल लेकर गए जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार देकर तुरंत ही दमोह रेफर किया गया लेकिन जिला अस्पताल तक पहुंचने से पहले ही राजेश ने दम तोड़ दिया। मृतक राजेश के भाई ने बताया कि राजेश बाइक से थे और उनके पास चार लाख रुपये थे जिन्हें अज्ञात लुटेरे लूट ले गए हैं।

घटनास्थल पर बाइक और उसमें लटका हुआ एक बैग भी बरामद हुआ है। इस सनसनीखेज वारदात की खबर लगते ही हटा पुलिस मौके पर पहुंची जबकि एसपी के निर्देश पर जिला अस्पताल में कोतवाली पुलिस द्वारा परिजनों के बयान दर्ज किए गए। कोतवाली टीआई मनीष कुमार के मुताबिक परिजनों में जो बयान और साक्ष्य दिए हैं उसके मुताबिक पहली नजर में ये लूट के बाद जिंदा जलाने की घटना ही है

वहीं पूरे मामले की जांच करने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी के निर्देशन में एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा पथरिया एसडीओपी रघु केशरी, हटा एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, एफएसएल, साइबर सेल एक्टिव देवदास, थाना प्रभारी हटा धर्मेंद्र उपाध्याय, सब इंस्पेक्टर सौरभ शर्मा, सागर नाका चौकी प्रभारी एएसआई रमाशंकर मिश्रा सहित पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच पड़ताल की और इसके अलावा मामले में पुलिस की पांच टीमें जांच पड़ताल में जुटी हुई है जहां घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है पुलिस द्वारा जल्द ही खुलासे की बात कही जा रही हैं। लेकिन बीच सड़क घटी इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## बेटियों के विरुद्ध संगठित षड्यंत्र पर कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सकल हिन्दू समाज दमोह के बेनरतले एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दमोह कलेक्टर को सौंपा गया उक्त ज्ञापन में बताया कि हाल ही में भोपाल के टीआईटी कॉलेज, उज्जैन के ग्राम बिछडोड, इदौर में टेलीपरफॉरमेंस कर्मचारी द्वारा किया गया कांड, रीवा के चिछिया बाने में विधमों के पुरे परिवार के द्वारा नाबालिग बचिययों को फैसाने का षड़यंत्र, सागर, दमोह का मामला, मोरेना में कंप्यूटर कोचिंग संचालक द्वारा बालिकाओं के साथ किये गए दुष्कृत्य का मामला, राजगढ़ का मामला साथ ही साथ पन्ना, छतरपुर, सागर ( गांव में। ही समाज की 3 दमोह, रासिहपुर, सिंगरौली, मंडला, सिवनी, टीकमगढ़ (चन्देरा थाना में। गाँव की 3) शहडोल, कटनी, जबलपुर, उमरिया हर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में उजागर 'लव जिहाद' के सुनियोजित अपराधों ने प्रदेश के जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। इन मामलों में मासूम नाबालिग बालिकाओं, युवतियों यहां तक कि विवाहित महिलाओं को धर्म छिपाकर, छलपूर्वक प्रेमजाल में फंसाकर न केवल उनका शारीरिक शोषण किया गया, अपितु उनकी अस्मिता व आत्मसम्मान को भी गहरी चोट पहुंचाई गई है। यह केवल कुछ व्यक्तियों द्वारा किया गया अपराध नहीं है; यह प्रदेश की बेटियों के विरुद्ध एक संगठित षड्यंत्र है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि इन अपराधों के तार प्रदेश की सीमाओं के पार अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। यह स्थिति अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है, जिससे सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों पर आघात हो रहा है। प्रदेश पुलिस द्वारा गठित विशेष जायत भले ही तत्परता से कार्य कर रहा हो, किंतु यह स्पष्ट हो गया है कि यह षड्यंत्र राज्य स्तर से ऊपर उठकर राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा प्रायोजित प्रतीत होता है। राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राष्ट्रिय मानवाधिकार आयोग द्वारा भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति का गठन किया है, जिससे प्रकरण की व्यापकता और संवेदनशीलता स्वतः सिद्ध होती है। अत्यंत चिंता एवं क्षोभ के साथ सफत हिन्दू समाज मांग करता है कि इस समूचे षड्यंत्र का समूल उन्मूलन किया जाए। बेटियों की सुरक्षा और न्याय केवल तभी संभव होगा जब इसकी गहन निष्पक्ष और राष्ट्रीय स्तर पर जांच हो।

सफल हिन्दू समाज संगठित रूप से विधर्मियों के द्वारा चलाये जा रहे संगठित अपराध सब जिहाद को समूल नष्ट करने और आरोरपियों के मन में भय पैदा हो इसके लिए निम्न लिखित मांग करता है कि राष्ट्रीय जाच एजेंसी ही एकमात्र सक्षम संस्था है, जो इन अंतरराज्यीय व संगठित अपराधों की तह तक जाकर असाथियों के नेटवर्क को उजागर कर सकती है। शासन की ओर से मामला दर्ज कराया जाना चाहिए। इनके साथ ही विभिन्न मांगे शामिल है।

## निर्यापक मुनि श्री 108 सुधासागर जी की सिंग्रामपुर में हुई भव्य आगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज जी के परम शिष्य सुधा सागर महाराज जी का शुक्रवार सुबह जैन मंदिर प्रांगण में मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान जैन समाज ने ऐरावत हाथी, गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर महाराज जी की अगवानी की। मंदिर प्रांगण में महाराज जी के प्रवचन से लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान और मार्गदर्शन मिला महाराज जी के प्रवचनों में जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कर्मों के महत्व, वर्तमान में जीने की आवश्यकता, और मोक्ष प्राप्त करने के तरीके पर जोर दिया है। महाराज जी ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक किए गए कर्म ही आपके साथ जाते हैं। वर्तमान में जीना महत्वपूर्ण है, अतीत या भविष्य में नहीं। एक व्यक्ति के दो पते नहीं होने चाहिए, एक पता करो एक निश्चित करो। आज की रोटी खालोगे तो कल की रोटी से कोई संबंध नहीं है, उसका संबंध मात्र वर्तमान से है। मोक्ष प्राप्त करने का तरीका बताते हुए महाराज जी ने कहा कि रुको तो रेस्ट हाउस मानना, चलो तो रास्ता मानना, तुम्हारा मोक्ष बहुत जल्दी मिल जाएगा। नरेंद्र जैन सिंग्रामपुर परिवार को महाराज जी को आहार देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महाराज जी के साथ छुल्लक ऐलक और ब्रह्मचारी भैया जी भी चल रहे हैं। महाराज जी का मंगल विहार मझौली नगर से सिंग्रामपुर के लिए हुआ था और रात्रि विश्राम सिंग्रामपुर में ही होगा जहां पर जिज्ञासा समाधान जैन मंदिर में संपन्न होगा 14 वर्ष के बाद सिंग्रामपुर में महाराज जी के श्री चरण पड़े है जिसके चलते महाराज जी के दर्शन पाने के लिए जबलपुर कटंगी सिग्रामपुर गुबरा जबेरा नोहटा तेंदूखेड़ा अभाना चौपरा बनवार दमोह आदि ग्रामों से समाज के लोग पहुंचे और श्रीफल लेकर निवेदन करते हुए दिखाई दिए।

## नाले में गिरने से चरवाहे की मौत, पैर फिसलने से हादसा

### बटियागढ थाना क्षेत्र के नीमखेड़ा के जंगल की घटना

**बटियागढ़।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र के नीमखेड़ा गांव के जंगल में नाले में गिरने से एक चरवाहे की दुखद मौत का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परम पिता झुंन्नी आदिवासी उम्र 45 वर्ष जंगल मे बकरी चराने गया था तभी नाले में पैर फैसल कर गिर गए पास में ही बकरी चरा रहे उनके भाई ने मदद की कोशिश की और बेहोशी की हालत में बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र लायें जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर सादपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची मर्ग पंचनामा कार्रवाई के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में पीएम के बाद शव मृतक के परिजनों को सौंपा गया। मृतक के भतीजे खूब सिंह ने बताया कि बकरी चराते समय गुरुवार शाम यह घटना हुई। पुरुषोत्तम मिश्रा सादपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक अपने भाई के साथ बकरियां चराने गया था जो नाले में गिरने से मौत हो गई। पंचनामा कार्यवाही कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मर्ग कायम कर जांच में लिया।

## बुजुर्ग दम्पत्ति के साथ युवक ने की मारपीट, छत से फेंकने के आरोप

**बटियागढ़।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र के आँजनी बेलखेड़ी गांव में मामूली विवाद में एक युवक ने अपने पड़ोसी बुजुर्ग दंपत्ति के साथ मारपीट कर दोनो को छत से फेंक दिया.



गुरुवार रात करीब 9 बजे घटना के बाद घायल हरिराम अहिरवार उम्र 60 वर्ष और गुलाबरानी अहिरवार उम्र 50 वर्ष को इलाज के लिए डायल 100 से बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।पीड़ति के दिव्यांग पुत्र रामप्रसाद का आरोप है कि बुजुर्ग दम्पत्ति रात में छत पर सो रहे थे तभी पड़ोसी श्रीकांत ने मारपीट की घटना में दोनो गम्भीर रूप से घायल हूए। शिकायत के बाद बटियागढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू की है।

## अब मृदा परीक्षण कार्य पथरिया में हुआ शुरू

**पथरिया।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा नवीन विकासखंड स्तरीय मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं को युवा उद्यमियों/संस्थाओं को हस्तांतरित किया गया जिसमें विकासखंड पथरिया की नवीन मृदा परीक्षण प्रयोगशाला को स्कूल आफ एग्रीकल्चर, एकलव्य यूनिवर्सिटी दमोह को हस्तांतरित किया गया था



जिसका कार्य लैब इंचाज डॉ.ओमपाल सिंह डीन, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर देख रहे हैं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पथरिया से प्राप्त किसानों के खेत की मिट्टी के नमूनों का एनालिसिस का कार्य शुरू कर दिया है डॉ रजनीश कुमार, डॉ. सुभाष वर्मा, डॉ रागिनी भार्गव, रवि पटेल,मंजुल जैन, दीपांशु और तनवीर एग्रीकल्चर स्टाफ के द्वारा मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों जैसे- Ph, EC, ऑर्गेनिक कार्बन, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश, सल्फर, जिंक, कैल्शियम मैग्नीशियम, आयरन और कॉपर आदि तत्वों का परीक्षण किया जाता है और इसके साथ अन्य सुविधाएं भी किसानों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी जिससे किसान समृद्धि की ओर बढ़ेगा 1 वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड पथरिया उमाशंकर प्रजापति द्वारा बताया गया कि पहले कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा मिट्टी के सैंपल को जिला स्तर भेज कर परीक्षण कराया जाता था जिसमें लंबा समय लगता था लेकिन यह सुविधा अब विकासखंड स्तर पर शुरू कर दी गई है जो सभी किसानों के लिए हर्ष की बात है 1

## एम एल सरैया बने जिला अध्यक्ष

### मप्र शासकीय अधिकारी कर्मचारी निगम मंडल एवं पेंशनर्स की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश शासकीय अधिकारी कर्मचारी निगम मंडल एवं पेंशनर्स मोर्चा के प्रांत अध्यक्ष उदित सिंह भदोरिया, प्रांतीय संयोजक प्रमोद तिवारी एवं प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार दिनांक 17 मई 25 को मध्य प्रदेश पेंशनर समाज कार्यालय दमोह में जिले के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज दमोह के जिला अध्यक्ष आरके मिश्रा के द्वारा एम एल सरैया को मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी निगम मंडल एवं पेंशन संयुक्त मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाने के लिए नाम प्रस्तावित किया गया। जिला महामंत्री ललित कुमार चौबे ने इस प्रस्ताव में सहमति प्रदान की। इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से एम एल सरैया को मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी निगम मंडल एवं पेंशन संयुक्त मोर्चा दमोह का जिला अध्यक्ष बनाया गया। सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पुष्प माला से उनका हार्दिक स्वागत किया गया। दमोह जिले के कर्मचारियों के लिए उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इसके साथ ही जो हमारे पेंशनर समाज के साथी हैं जो समस्याओं से घिरे हुए हैं उनके निदान के लिए श्री एम एल सरैया का संयुक्त मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनना बहुत बड़ी उपलब्धि है। सभी पेंशनर्स एवं कर्मचारी साथियों में खुशी की लहर है। इस बैठक में मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित सिंह,आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष अभय भट्ट, राज्य कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष संजीव ठाकुर, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के उपाध्यक्ष डॉक्टर रमेश अठया, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिला सचिव राजीव विश्वकर्मा, पी एन अहिरवार ,एन बी पटेल सुरेश मिश्रा, ईश्वर प्रसाद चौरसिया ओ पी पांडे ,वी के द्विवेदी, बीपी चौबे, आर के जैन, सी एल कबीरपंथी , के एल अहिरवाल सुरेंद्र कुमार चौबे,के सी जैन,एम एल सड़यि, आर एस पांडे, अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## अगले 15 दिन में वट सावित्री, शनि अमावस्या सहित कई व्रत त्योहार

तेंदूखेड़ा। पवित्र माह वैसाख के बाद ज्येष्ठ का महीना शुरू हो गया है। मई में जहां नौतपा भी पड़ेंगे, वहीं पूजन पाठ करने वालों के लिए भी ये महीना विशेष होने वाला है। ज्योतिषाचार्य पंडित गोपाल शास्त्री अनुसार इस माह में जो व्रत त्योहार आ रहे हैं, ये पुण्यफलदायी होने के साथ ही कष्ट निवारक भी होंगे। खासकर वट सावित्री पूजन और शनि अमावस्या और शनि जयंती विशेष होंगे। इन तीज त्योहारों में कई ग्रहों की युक्तियां भी बन रही है जो पूजन का फल कई गुना करेंगे।

### जेष्ठ माह में व्रतों का पावन संगम

जटल सुहाग की कामना के लिए सुहागनों द्वारा किए जाने वाला सोमवती अमावस्या व्रत और वट सावित्री व्रत 26 मई को पड़ेंगे। वहीं ज्योतिषाचार्य के अनुसार 27 मई को अमावस्या तिथि के साथ ही शनि जयंती भी पड़ेगी। जिन लोगों पर शनि की साढे साती बल रही है, वे इस दिन विधि विधान से शानि देव का पूजन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। 29 मई को रंभा तीज पर महिलाओं द्वारा अपने पति के लिए प्रार्थना करने के लिए मनाई जाती है। इन तिथियों में पूजा-अर्चना का दौर रहेगा। इन तिथियों पर ये व्रत 15 मईः वृषभ संक्रांति ,14 मईः गणेश चतुर्थी व्रत , 20 मई : मासिक कृष्ण जन्माष्टमी ,२३ मईः अपरा एकादशी २४ मईः प्रदोष व्रत ,२५ मईः मासिक शिवरात्रि , २६ मईः वट सावित्री व्रत ,२७ मईः शनि जयंती, २९ मईः रंभा तीज व्रत ,.30 मईः विनायक चतुर्थी।

## सिमरी खुर्द : शून्य नदी में पोक लैन मशीन से पत्थरों का अवैध उत्खनन



**बनवार।** जबेरा तहसील के पटवारी हल्का 33 चिलोद के गांव सिमरी खुर्द के आगे शून्य नदी देवर घाट दादा जी की कुटी से लगी नदी में पोकलेन मशीन से पत्थरो का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से बीते एक सप्ताह से दिन रात चल रहा है। पोकलेन मशीन लगाकर नदी में करीब आधा किमी से अधिक जगह में सैकड़ो ट्रॉली पत्थर निकाले जा चुका है और इतने ही पत्थरो का नदी व आसपास क्षेत्र में स्टॉक कर रखा गया है नियमों को ताख पर रखकर खनन माफिया नदी से पत्थरों का उत्खनन करा रहे हैं। खनन मॉफिया कितने शक्तिशाली है इसकी जीती जागती तस्वीर नदी में देखने को मिल जाएगी. यहां नदी सूखने पर पोकलेन मशीन से उत्खनन करवा रहे हैं। यह सब देखकर नदी की. प्राकृतिक बनावट और उसके अस्तिव पर संकट खड़ा हो गया है इस तरह का खनन अवैध तो है ही, साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के चलते नदी के संरक्षण पर प्रशासन के दावों की पोल खोल कर रख दी है। नदी में डंके की चोट पर धड़ल्ले पत्थरों का अवैध उत्खनन जारी है। गिरीश सिंह पटवारी हल्का 33 चिलोद का कहना है कि नदी गांव से दूर है। इसलिए पोकलेन मशीन से नदी में पत्थरों के अवैध उत्खनन की जानकारी उन्हें नहीं है। वह इस मामले में ग्राम कोटवार को भेजकर पता करवाएंगे। राजेश साहू नायब तहसीलदार नोहटा का कहना है मैं पटवारी को भेजकर जानकारी लेता हूँ और पोक लाइन मशीन से नदी में पत्थरों का अवैध उत्खनन हो रहा है तो कार्यवाही करते है।